भू-समाधि को खोदे जाने लगे गड्ढे

भिटौरा के गंगा घाट के किनारे भू विसर्जन के लिए तैयार हो रहे गड्ढे। जागरण

- डीएम के निर्देश पर 20 गड्ढे तैयार करने की जिम्मेदारी मिली
- पालिका प्रशासन ने जेसीबी मशीन से खोदाई का काम शुरू कराया

फतेहपुर, जागरण संवाददाता : नवरात्रि पर्व पर स्थापित की गई प्रतिमाओं के भू-समाधि देने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। गंगातट पर गड्ढे खोदने के काम को अंजाम देने के लिए पालिका प्रशासन की टीम सोमवार से जुट गई। काम समाप्त करने के बाद डीएम के प्रतिनिधि मौका मुआयना करेंगे, इस ताकीद के साथ पालिका के सफाई विभाग के जिम्मेदारों को जुटाया गया है।

शहर और आसपास के गांवों से लगभग 2000 हजार प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए डीएम डॉ. वेदपति मिश्र के आदेश पर उत्तर वाहिनी गंगातट भिटौरा गड्ढे खोदे जाने का काम शुरू हो गया है। हाईकोर्ट द्वारा गंगा नदी में मूर्ति विसर्जन पर लगी रोक के आदेश के अमल में यह काम शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने इसके लिए 20 विशाल गड्ढे खोदे जाने की जमीन तय की है। दोपहर बाद पालिका की अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती, सफाई निरीक्षक आबिद अली, सफाई प्रभारी मोहम्मद हबीब लाव लश्कर के साथ पहुंचे। जेसीबी से गड्ढे खोदने के काम को शुरू कराया। अधिशासी अधिकारी ने कहाकि जैसे ही काम खत्म होगा इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को मौका मुआयना कराने के लिए दी जाएगी।

अतिक्रमण कराया साफ

नवरात्रि में चौक जैसे व्यस्ततम बाजार में फैले अतिक्रमण को साफ करने के लिए शुरुआत की गई। पालिका के अतिक्रमण प्रभारी दिलशाद अली, सफाई निरीक्षक आबिद अली, सफाई प्रभारी मोहम्मद हबीब की टीम पहुंची। कोतवाली आरके पाण्डेय भी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और बाकरगंज से पीलू तले चौराहे के बीच का अतिक्रमण साफ कराया। इसके बाद चूड़ी वाली गली में दस्ता पहुंचा। इन रास्तों में दुकानदारों के तखत, टीन शेड, तिरपाल आदि हटवाया। हालांकि इस दौरान दुकानदारों का विरोध का भी सामना करना पड़ा। इसके बाद फुटपाथ पर अस्थाई कब्जा करने वालों को खदेड़ा और निर्देशित किया कि दोबारा यह काम दिखना नहीं चाहिए, अन्यथा मुकदमा दर्ज करा दिया जाएगा। प्रशासन द्वारा अचानक अभियान छेड़ देने हड़कंप मचा रहा, सभी अपना सामान समेटने में लगे रहे।